छठ घाटों पर साज-सज्जा और गोताखोर की होगी व्यवस्था

साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को दिया आवश्यक निर्देश

बिहारशरीफ। समाहरणालय स्थित न्यू एनआईसी सभागार में जिला



पदाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में साप्ताहिक समन्वय-सह-समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर व्यापक समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिले के सभी छठ घाटों पर साफ-सफाई, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को कड़े और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

घाटों पर पारंपरिक गीतों के प्रसारण और सजावट के निर्देश : जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिले के सभी छठ घाटों पर पर्व से जुड़े पारंपरिक और लोकगीतों का प्रसारण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही शहर के प्रमुख प्रवेश द्वारों पर आकर्षक तोरण द्वार बनाए जाने के निर्देश दिए गए। प्रसिद्ध कोसुक छठ घाट पर सुरक्षा की दृष्टि से वॉच टावर का निर्माण कराने तथा स्वागत से संबंधित पोस्टर व बैनर लगाने को कहा गया।

सुरक्षा और गोताखोरों के लिए विशेष प्रबंध : सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के दौरान डीएम ने सभी छठ घाटों पर पर्याप्त बैरिकेडिंग करने, तालाबों व नदियों में पानी की गहराई वाले स्थानों को स्पष्ट रूप से चिह्नित करने और वहां गोताखोरों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सुरक्षा मानकों के तहत गोताखोरों के लिए फ्लोरोसेंट जैकेट पहनना अनिवार्य किया गया है, ताकि आपात स्थिति में उनकी पहचान आसानी हो सके और त्वरित कार्रवाई की जा सके।

महादलित टोलों और साफ-सफाई पर विशेष जोर: बैठक में महादलित टोलों में स्थित तालाबों और छठ घाटों की विशेष रूप से साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया गया। वहां भी आवश्यक पोस्टर और बैनर लगाए जाएंगे। इसेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियानश के तहत जिले के सभी छठ घाटों पर स्वच्छता और सौंदर्यीकरण से जुड़े कार्य प्राथमिकता के आधार पर समय से पहले पूरे करने को कहा गया है।

अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण और वेतन भुगतान के निर्देश: जिलाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारियों और प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के छठ घाटों का लगातार स्थलीय निरीक्षण करने, व्यवस्थाओं का जायजा लेने और किसी भी प्रकार की कमी को समय रहते दूर करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, पर्व से पहले सभी संबंधित कर्मियों का समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करने का भी आदेश दिया गया।

डीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी तालमेल और समन्वय के साथ काम करते हुए नालंदा जिले में छठ महापर्व को पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने की बात कही।

हिलसा के बढ़नपुरा में 90 साल से हो रही मां लक्ष्मी की पूजा का इलाके में है विशेष महत्व

बिहारशरीफ। हिलसा प्रखंड क्षेत्र के बढ़नपुरा ग्राम में सोमवार को मां लक्ष्मी के पट खुलते ही दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। ग्राम वासियों की अटूट आस्था के प्रतीक इस आयोजन को लेकर मां लक्ष्मी पूजा



प्रबंध समिति के अध्यक्ष नरेश प्रसाद और सचिव बैजू प्रसाद ने बताया कि इस गांव में भारत की आजादी से 13 वर्ष पूर्व यानी सन 1935 ईस्वी से माता लक्ष्मी की पूजा काफी धूमधाम से की जा रही है। पिछले 90 सालों से अनवरत चली आ रही इस परंपरा के तहत ग्रामीण हर साल एकजुट होकर यह उत्सव मनाते हैं। उनका मानना है कि माता की कृपा से ही ग्रामीण खुशहाल रहते हैं तथा इस पूजा से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन न होने पर ग्रामीणों को फसल का काफी नुकसान झेलना पड़ता है। तीन दिनों तक चलने वाले इस उत्सव को लेकर ग्रामीणों के साथ-साथ आसपास के इलाकों के लोगों में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है। मेले के दौरान झूला, खिलौने, मिठाई और अन्य कई प्रकार की दुकानें सजी हैं, जहां बच्चे और बड़े खासे उत्साह के साथ पहुंच रहे हैं। मेला घूमने और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पूजा प्रबंध समिति की ओर से समुचित व्यवस्था की गई है। स्थापना काल से ही यह आयोजन पारंपरिक ढंग से संपन्न होता आ रहा है, जिससे गांव में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे।



संदेहास्पद स्थिति में युवक की मौत

बिहारशरीफ। नालंदा थाना क्षेत्र के रंगीला बिगहा गांव में शनिवार की देर शाम एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां 22 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान रंगीला बिगहा गांव निवासी राजेंद्र यादव के पुत्र विक्रम कुमार के रूप में हुई है, जो ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी शादी करीब दो साल पहले नवादा जिले के रजौली निवासी प्रीति कुमारी से हुई थी और उनका एक साल का बच्चा भी है। मृतक के भाई विकास कुमार ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से दोनों के बीच फोन पर लगातार कहासुनी और विवाद चल रहा था। सूचना मिलते ही ग्रामीण और परिजन दौड़कर विक्रम के कमरे के पास पहुंचे। कमरा अंदर से बंद होने पर उन्होंने दरवाजा तोड़ा और विक्रम को नीचे उतारा। परिजन उसे गंभीर हालत में पावापुरी स्थित वर्धमान आयुर्विज्ञान संस्थान (वि-मिम्स) ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नालंदा थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि पुलिस ने मृतक का मोबाइल अपने कब्जे में ले लिया है, जिसमें घटना से जुड़ा एक वीडियो भी मिला है।

फंदे से लटका छात्र का शव बरामद

बिहारशरीफ। लहेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवपुरी मोहल्ले में किराए के कमरे में रहकर 12वीं बोर्ड की पढ़ाई कर रहे एक 17 वर्षीय छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार की सुबह उसका शव कमरे में पंखे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने घटनास्थल से मृतक का मोबाइल फोन जब्त किया है, जिसकी शुरुआती जांच में सभी व्हाट्सएप चैट डिलीट पाई गई हैं। मृतक छात्र की पहचान पटना जिले के दनियावां थाना क्षेत्र स्थित पीर बढ़ौना गांव निवासी संजीवन चौधरी के 17 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार के रूप में हुई है। मृतक के बड़े भाई साहिल कुमार ने बताया कि शनिवार की रात करीब साढ़े आठ से नौ बजे के बीच अंकित की परि. जनों से आखिरी बार बातचीत हुई थी। उस दौरान उसने फोन की बैटरी कम होने की बात कही थी। इ सके बाद जब परिजनों ने दोबारा संपर्क करने की कोशिश की तो मोबाइल स्विच ऑफ मिला। रविवार की सुबह भी फोन बंद रहने पर परिजनों को किसी अनहोनी की आशंका हुई, जिसके बाद उन्होंने मकान मालिक से कमरे पर जाकर देखने का अनुरोध किया। सुबह करीब 10 बजे जब लोग कमरे पर पहुंचे और अंदर झांककर देखा तो अंकित का शव फंदे से लटक रहा था। थानाध्यक्ष ने बताया कि छात्र के मोबाइल से सभी व्हाट्सएप चौट डिलीट मिली हैं, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है।

सड़क दुर्घटना में व्यवसायी जख्मी

राजगीर (नालंदा) (आससे)। एकंगरसराय-परवलपुर मुख्य मार्ग पर स्थित निश्चलगंज के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में एकंगरसराय बिहार रोड स्थित रवि मोबाइल दुकान के विक्रेता पिंटू अग्रवाल गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनका एकंगरसराय के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में जख्मी पिंटू अग्रवाल ने बताया कि वे बिहार शरीफ से एकंगरसराय अपने घर लौट रहे थे, तभी निश्चलगंज के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गई, जिससे वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

ग्रामीण विकास मंत्री और सांसद ने बड़गांव छठ घाट की व्यवस्था का किया निरीक्षण

छठ महापर्व बिहार की संस्कृति की आत्मा : श्रवण कुमार

बिहारशरीफ। लोक आस्था के महान पर्व छठ पूजा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार और नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार ने ऐतिहासिक बड़गांव धाम का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ छठ घाटों और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि ऐतिहासिक बड़गांव धाम का छठ घाट अपनी भव्यता के लिए प्रसिद्ध है, जहां लाखों श्रद्धालु अर्घ्य देने पहुंचते हैं। सरकार का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि छठ व्रतियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि घाटों की साफ-सफाई, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था समय से पहले पूरी कर ली जाए। तालाब और उसके आसपास के परिसरों में गंदगी बिल्कुल न रहे, इसके लिए विशेष अभियान चलाने के साथ-साथ उन्होंने स्थानीय लोगों से भी इस पवित्र कार्य में सहयोग की अपील की। छठ महापर्व को बिहार की संस्कृति की आत्मा बताते हुए मंत्री ने कहा कि यह सिर्फ एक त्योहार नहीं बल्कि अटूट आस्था और परंपरा का महापर्व है, जिसमें व्रती 36 घंटे का कठिन निर्जला उपवास रखते हैं। राज्य सरकार इस महापर्व को पूरी श्रद्धा और भव्यता के साथ संपन्न कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। श्रद्धालुओं की सुविधाओं की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से व्रती भाई-बहनों और माताओं के ठहरने के लिए 5-5 हजार की क्षमता वाले दो जर्मन हैंगर पंडाल तथा बांस वाले चार पंडाल बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा क्षेत्र में 16 चलंत शौचालय, 45 स्थायी शौचालय, 10 चेंजिंग रूम, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था (लाइटनिंग) और सुचारू पार्किंग के इंतजाम के निर्देश दिए गए हैं।



आवागमन को सुगम बनाने के लिए माइकिंग से लगातार सूचनाएं प्रसारित करने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ की टीम और आपदा प्रबंधन को पूरी तरह मुस्तैद रहने को कहा गया है। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने भी इस अवसर पर कहा कि छठ महापर्व देश का सबसे महान पर्व है और सरकार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। इस निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ जदयू नेता राजेंद्र प्रसाद, प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार, अरुण वर्मा, जदयू प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, रंजीत मुखिया, सुजीत सिंह, मुकेश सिंह, विजय कुमार, संजय कुशवाहा, मुन्नी सरपंच, सचिन पटेल, रूपेश कुमार, मनोज कुमार वर्मा, चंद्रप्रकाश वर्मा, अधिवक्ता नंदकिशोर प्रसाद, सुधीर सिंह, सिपाही जी, दीपू कुमार, बंटू सिंह, सिलाव के प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रहलाद कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी राजन कुमार सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



पूर्व मध्य रेल
ई-नीलामी सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेलवे, पटना नीचे उल्लिखित उपाबन्धन मंडल द्वारा निम्नलिखित पार्किंग स्टैंडों के संचालन हेतु ई नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण निम्नवत है :
1. AA1 - कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : जमुआ रोड रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित निःशुल्क (दो पहिया और तीन पहिया) वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। ई नीलामी कैटेलॉग संख्या : COM-PARK-26-01, ई नीलामी लॉट संख्या : PARKING-DDU-RBII-FW-42-26-1, ई नीलामी की तिथि एवं समय : ई नीलामी दिनांक 04.11.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी।
AB1 - कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : नवीनगर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित निःशुल्क वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। ई नीलामी कैटेलॉग संख्या : COM-PARK-26-01, ई नीलामी लॉट संख्या : PARKING-DDU-NRG-MX-63-26-1, ई नीलामी की तिथि एवं समय : ई नीलामी दिनांक 04.11.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी।
AC1 - कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : जेरही और सोन रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित तीन पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। ई नीलामी कैटेलॉग संख्या : COM-PARK-26-01, ई नीलामी लॉट संख्या : PARKING-DDU-DOS-RW-6-26-1, ई नीलामी की तिथि एवं समय : ई नीलामी दिनांक 04.11.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी।
2. ब्योरेवार का पता जहां ई नीलामी का संपूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in (E-Auction Leasing)
संजय रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, डी.डी.यू.
पीआर/1202/ईनीलाम/का./ईएसएल/26 27/36

PATEL COLLEGE OF COMPUTER AND MANAGEMENT EDUCATION
RUN AND MANAGED BY: SWAMI VIVEKANAND EDUCATIONAL TRUST
SUKULCHAK, KARDUNA, JEHANABAD 804417
Purpose Course
MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management
शीघ्र आवश्यकता है
Post | Department | Qualification
Principal | Administration | Ph.D with 10 Year Experience
Assistant Professor/ Professor | MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management | Ph.D / Master Degree in Relevant Field/ Subject
HOD | MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management | Ph.D/ Master Degree in Relevant Field With 5 Year Experience
Librarian | Library | B.Lib.Sc / M.Lib.Sc
Lab Instructor | | DCA / BCA
Accountant | Administration | M.Com / B.Com
Office Assistant | Administration | Graduate with Computer Knowledge
Other Post (Receptionist, Admission- Cum Counselor, Driver, Gardener, Peon) | Administration | Minimum Qualification 10th/12th/Graduate and Experience in Relevant fields
एक व्यक्ति केवल एक ही पद के लिए आवेदन (Apply) कर सकते हैं। अपने Resume और self-Attested photo-copy Certificate को 15 दिन में patelcollegejehanabad@gmail.com पर भेज करें। अपूर्ण को प्राथमिकता दी जाएगी
Secretary/Chairman - Bijay Prakash
Contact- 9304697749, 9334074905

दीपावली के दौरान बिहारशरीफ में अगलगी की वारदातों में लाखों की संपत्ति स्वाहा

बिहारशरीफ। दीपावली और छठ पर्व की खुशियों के बीच बिहारशरीफ शहर में अगलगी की तीन अलग-अलग घटनाओं ने भारी तबाही मचाई। पटाखों की चिंगारी, पूजा के बाद जली अगरबत्ती और अज्ञात कारणों से लगी इन आगजनी की घटनाओं में टेंट गोदाम, सिलाई मशीन की दुकान और छठ की मिठाई बनाने वाली छह दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो गईं।

मोगल कुआं मोहल्ले में टेंट गोदाम में लगी आग: बिहारशरीफ के सोहसराय थाना क्षेत्र स्थित मोगल कुआं मोहल्ले में दीपावली के दिन पटाखे की चिंगारी से मिश्रा टेंट हाउस के गोदाम में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और गोदाम में रखा सारा सामान धू-धूकर जलने लगा। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के कई घर भी इसकी चपेट में आ गए, जिससे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए घरों से बाहर भागने लगे। स्थानीय लोगों के अनुसार, बच्चों द्वारा फोड़े जा रहे पटाखों की चिंगारी गोदाम में गिरने से यह हादसा हुआ। संकरी गलियों और घनी आबादी के कारण दमकल की गाड़ियों को मौके पर पहुंचने में करीब 45 मिनट से एक घंटे की देरी हुई, जिससे लोगों में नाराजगी भी देखी गई। हालांकि, दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक गोदाम में रखे कूलर, टेबल, कुर्सियां और टेंट के कपड़े समेत करीब 20 लाख रुपये का सामान जलकर राख हो चुका था। गनीमत रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

भरावपर में बंद सिलाई मशीन दुकान में लगी आग: लहेरी थाना क्षेत्र के भरावपर स्थित मघड़ा मार्केट के समीप श्री लक्ष्मी सिलाई मशीन दुकान में दीपावली की रात अचानक आग लग गई। घटना के समय दुकान पूरी तरह बंद थी और अंदर से धुआं व लपटें निकलते देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर अग्निशमन विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने बंद शटर को खुलवाकर लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया और आसपास की अन्य दुकानों को सुरक्षित बचा लिया। अग्निशमन अधिकारी कृष्ण मुरारी प्रसाद ने प्रारंभिक जांच के आधार पर आशंका जताई है कि दुकान में पूजा-अर्चना के बाद जलाई गई अगरबत्ती या धूप की चिंगारी किसी ज्वलनशील सामग्री के संपर्क में आने से यह दुर्घटना घटी होगी। इस अगलगी में दुकान की सभी सिलाई मशीनें और अन्य सामान जलकर नष्ट हो गए, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। साथ ही, अग्निशमन विभाग ने दुकानदारों से प्रतिष्ठान बंद करते समय सभी सुरक्षा उपायों और अगरबत्ती-धूप को पूरी तरह बुझाने की अपील की है।

कटरा पर मोहल्ले में छठ की मिठाई की छह दुकानें जलीं: लहेरी थाना क्षेत्र के कटरा पर मोहल्ले में सोमवार की देर रात हुए एक अन्य भीषण अग्निकांड में छठ पूजा के लिए मिठाई और चीनी के खिलौने बनाने वाली छह दुकानें जलकर राख हो गईं। बांस, करकट और तिरपाल से बनी ये दुकानें एक-दूसरे से सटी हुई थीं, जिसके कारण रात डेढ़ से दो बजे के बीच लगी आग तेजी से फैल गई। इस दर्दनाक हादसे में 150 से अधिक चीनी की बोरियां, हजारों सांचे, तैयार बताशे, इन्वर्टर, बैटरी और कच्चा माल जलकर नष्ट हो गया, जिससे दुकानदारों को 50 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है। आग की भयंकर लपटें पास स्थित विजय साव के दोमंजिला मकान की खिड़की के जरिए अंदर तक पहुंच गईं, जिससे घर का कुछ सामान भी जल गया। सूचना मिलते ही पुलिस और अग्निशमन विभाग की दो बड़ी व दो छोटी गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। स्थानीय कारोबारियों ने आग लगने के कारणों को लेकर अलग-अलग आशंकाएं जताई हैं, जहां कुछ इसे पटाखों की चिंगारी तो कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा जानबूझकर लगाई गई आग मान रहे हैं, वहीं पुलिस और अग्निशमन विभाग मामले की जांच में जुटे हैं।

पूर्व मध्य रेल
खुली ई-निविदा प्रकाशन सूचना
खुली ई-निविदा सूचना सं. : M-LS-SPJ-Ten-Mod-CabRed-2
मंडल रेल प्रबंधक/लोको शेड/सारण एवं [illegible] के राष्ट्रपति की ओर से खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। क) कार्य का नाम एवं स्थान : "Modification of CAB redundancy of 3-phase locomotives as per RDSO modification sheet no. RDSO/2014/EL/MI/435, Rev.0" Dated 06.06.2014 for 01 year." ख) अनुमानित लागत : रू. 9,79,500/- (रू. नौ लाख उन्हत्तर हजार पांच सौ मात्र) (सभी लागू करों सहित)। ग) अवधि जो जमा करना है : गोससो-2022 के अनुसार, टी.डी.सी. कृत्य है और तत्काल निविदा के लिए बोली सुरक्षा (ईएमडी) की राशि Rs. 19,590/- (उन्नीस हजार पांच सौ रु. मात्र) होगी। ई-निविदा के संबंध में बोली सुरक्षा (ईएमडी) का भुगतान केवल नेट बैंकिंग का www.ireps.gov.in पर ऊपलब्ध गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाना चाहिए। घ) निविदा जमा करने की तिथि एवं समय एवं निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 30.11.2026 अपराह्न 12:00 बजे तक। 30.11.2026 अपराह्न 12:30 बजे। ङ) वेबसाइट का विवरण जहां ई-निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है : www.ireps.gov.in, अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।
वरिष्ठ मंडल लोको शेड/पूर्व मध्य रेल, डानापुर
पीडान/1286/लोको शेड एसपीजे/सां/टी/26-27/40

